**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या. 152**
**(जिसका उत्तर सोमवार, 25 नवंबर, 2024/4 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया गया)**

**पीएमआईएस के कार्यान्वयन की समय-सीमा**

**152. श्रीमती पूनमबेन माडम:**
क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना-प्रायोगिक परियोजना-4 के कार्यान्वयन के लिए कोई समय-सीमा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या योजना की निगरानी करने और भागीदारी के लिए कंपनियों तक पहुंचने के लिए कोई समर्पित दल है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;
(ङ) क्या सरकार योजना के कार्यान्वयन में सुधार के लिए योजना के मॉडल और दिशानिर्देशों पर कोई प्रतिक्रिया प्राप्त कर रही है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।**
**(श्री हर्ष मल्होत्रा)**

**(क) और (ख):** बजट 2024-25 में घोषित प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने योजना की एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू की है, जिसका लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.25 लाख युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। आज की तारीख तक, कंपनियों द्वारा 1.27 लाख इंटर्नशिप अवसर पोस्ट किए गए हैं। इनमें से लगभग 6.21 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं और कंपनियों द्वारा चयन प्रक्रिया जारी है।

**(ग) और (घ):** कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) में योजना के कार्यान्वयन में प्रगति की निगरानी और सुचारू संचालन के लिए एक प्रधानमंत्री इंटर्नशिप प्रकोष्ठ (पीएमआईएस सेल) बनाया गया है। यह सेल पायलट प्रोजेक्ट को लागू करने के लिए उद्योग प्रतिनिधि संगठनों, संबंधित मंत्रालयों, राज्य सरकारों आदि के साथ काम कर रहा है। पीएमआईएस की शुरुआत के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को योजना का एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसका

लक्ष्य वित्त वर्ष 2024-25 में 1.25 लाख युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। यह योजना https://pminternship.mca.gov.in एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। पोर्टल एंड-टू-एंड योजना कार्यान्वयन और इंटर्नशिप लाइफ साइकल प्रबंधन के लिए एक केंद्रीकृत मंच के रूप में कार्य करता है।

(ड़) और (च): प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रायोगिक परियोजना के दिशा-निर्देशों में डिजाइन, कार्यान्वयन, प्रचालन और अन्य पहलुओं की निगरानी के लिए एक निगरानी और संचालन समिति के गठन का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, पायलट प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन के दौरान सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ-साथ परिणामों का पता लगाने के लिए एक समवर्ती निगरानी, मूल्यांकन और अध्ययन (एमईएल) ढांचा भी उपलब्ध कराया गया है।

*****